**मैत्री विद्या निकेतन सी से स्कूल, भिलाई**
**वार्षिक परीक्षा 2022-23कक्षा ग्यारहवीं**
**विषय हिंदी आधार (302)**

**समय: 3घंटे।** **पूर्णांक: 80**

**सामान्य निर्देश :-**

1.प्रश्न पत्र में दो खंड हैं- खंड अ और खंड ब

2.खंड "अ" में वर्णनात्मक प्रश्न और "ब" में वस्तुपरक प्रश्न है।

3.वर्णनात्मक प्रश्नों की संख्या 8 है और वस्तुपरक प्रश्नों की संख्या 6 है।

4.कुल प्रश्नों की संख्या 14 है।

## खंड अ

**वर्णानात्मक प्रश्न**

**प्रश्न 1. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर(80से 100शब्दों में) अनुच्छेद लिखिए:-** **5**

1. काश ! मैं अग्निवीर होता

2 विज्ञापन बनाम उपभोक्ता शोषण

3.इम्तहान की पूर्व रात्रि

4. युवा वर्ग की मानसिक वृत्ति

**प्रश्न 2. किसी एक विषय में(80से100शब्दों से) पत्र लिखिए:-** **5**

रेलवे के डिब्बे में पानी एवम अन्य आवश्यक सामग्रियों की असुविधा की ओर ध्यान आकृष्ट करते हुए चेयर मैन , रेलवे बोर्ड ,नई दिल्ली को आवेदन पत्र लिखिए।

अथवा

आप सीबीएसई शिक्षा बोर्ड के क्षेत्रीय ,कार्यालय जयपुर में कार्यरत हैं।किन्ही कारणों से आप अपना स्थानांतरण भुवनेश्वर करवाना चाहते हैं । इस हेतु सीबीएसई के सचिव को पत्र लिखिए।

**प्रश्न 3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 30से 40शब्दों में लिखिए:- (कोई2 )** **2*3=6**

1.कार्यवृत्त और कार्य सूची में क्या अंतर है?

2.. परिपत्र क्या है?इसके महत्व और विशेषताएं लिखिए।

3.वर्ण माला के वर्णों के क्रम और शब्द कोश के क्रम में क्या अंतर हैं?

**प्रश्न 4. दिल्ली से प्रकाशित होने वाले हिंदुस्तान समाचार पत्र को संवाददाताओं की आवश्यकता है अपना शैक्षणिक विवरण प्रस्तुत करते हुए उपर्युक्त समाचार पत्र के मुख्य प्रबंधक के नाम एक आवेदन पत्र लिखिए।** **4**

**प्रश्न 5. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 30से 40शब्दों में लिखिए:- (कोई2)** **2*2=4**

1.कवि ने किस आशय से मेहनत की लूट, पुलिस की मार, गद्दारी-लोभ को सबसे खतरनाक नहीं माना?

2 चंपा ने ऐसा क्यों कहा की कलकत्ता में बाजार गिरे?

3. घर की याद" कविता में कवि ने सावन के महीने से अपनी किन व्यथाओं को साझा किया है?

**प्रश्न 6. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 50से 60शब्दों में लिखिए:-   (कोई2)   2*3=6**

1.कबीर ने ईश्वर के एक होने के पक्ष में क्या तर्क दिए हैं?

2.कवयित्री निर्मला पुतुल ने किस प्रदेश का प्रतिनिधित्व किया है और अपने प्रदेश की किन विशेषताओं को किस प्रकार बचाने की गुहार करती है?

3. कवि दुष्यंत ने "ग़ज़ल" में किन लोगों का साथ देते हुए किनका पर्दाफाश और विरोध किस प्रकार से किया है?

**प्रश्न 7. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 30 से 40 शब्दों में लिखिए:   (कोई 2)   2*2=4**

1.मियां नसीरुद्दीन को नान बाईयों का मसीहा क्यों कहा जाता था?

2.पंडित अलोपिदिन द्वारा मुंशी वंशीधर को अपना मैनेजर  नियुक्त करने का क्या कारण था?

3.शिवशंभु की दो गायों की कहानी के माध्यम से लेखक क्या कहना चाहता है?

**प्रश्न 8. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 50से 60शब्दों में लिखिए:-   (कोई 2)   2*3=6**

1.मास्टर त्रिलोक सिंह के किस कथन को लेखक ने जुबान का चाबुक कहा और क्यों?

2.दबा हुआ आदमी एक कवि हैं, यह बात  कैसे पता चली और इस जानकारी का फाइल की यात्रा पर क्या असर पड़ा?

3.दुनिया के बारे में किसानों को बताना नेहरू जी के लिए क्यों आसान था? भारत माता का क्या मतलब बताया?

## खंड ब

**वस्तुनिष्ठ प्रश्न,(अपठित बोध)**

**प्रश्न 9. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़ कर पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनिए:-।   10*1=10**

अहंकार एक ऐसा दुर्गुण है जो क्रमशाः मनुष्य का, परिवार का , समाज का, देश का और अंततः मानव जाति का नाश कर डालता है ।अहंकार वश मनुष्य पाप कर्म करता है और इसी का प्रतिफल उसे जन्म जन्मांतर भुगतना पड़ता है ।अहंकार एक राक्षसी प्रवृत्ति है। इस प्रवृत्ति की छाया में अन्य दुर्गुण एकत्रित होकर मनुष्य को पूरा राक्षस बना देते हैं ।हमारे धर्म ग्रंथों में राक्षसों की चर्चा हर युग में मिलती है। आज भी राक्षसी प्रवृत्ति वाले लोग बहुतायत में मिल जाते हैं ।ऐसे लोगों के बारे में तो तुलसीदास जी का रामचरितमानस में लिखित कथन आज भी उतना ही सत्य है कि राक्षस मौका मिलने पर अपने हितैसियों का भी अहित करने से नहीं चूकते । दूसरों के अहित में ही उन्हें अपना लाभ दिखाई देता है । दूसरों के उजड़ने में उन्हें हर्ष एवं उनकी उन्नति में उन्हें बेहद कष्ट का अनुभव होता है। यह दूसरों की बुराई करते हैं ।दूसरों के दोषों को असंख्य नेत्रों से देखते हैं। दूसरों का काम बिगाड़ने के लिए दूध में मक्खी की भांति गिर जाते हैं ।यह दूसरों का काम बिगाड़ने के लिए अपना प्राण तक गवां देते हैं। अहंकार के कारण ईश्वर पर विश्वास न करने पर अपने ही निर्णय को सर्वश्रेष्ठ मान दूसरों पर थोपने का प्रयास करते हैं। राक्षसी प्रवृत्ति के लोग नैतिक को अनैतिक मानते हैं। इस कारण आसपास का वातावरण नकारात्मक हो जाता है। ऐसी बुरी प्रवृत्ति के बढ़त के कारण पृथ्वी ने प्रभु के समक्ष निवेदन किया है। हे भगवान! मुझे पर्वत वृक्षों आदि का भार उतना महसूस नहीं होता जितना नकारात्मक एवं दुष्प्रवृत्ति के लोगों के कारण महसूस होता है ऐसे लोगों को अपने दुष्कर्म का

प्रतिफल आने वाले जन्मों में भोगना ही पड़ता है। अतः मनुष्य को स्वाध्याय के माध्यम से अपने भीतर झांकना चाहिए एवं उस द्वार को पूर्णत: कसकर बंद कर देना चाहिए। जहां से दुष्ट प्रवृत्तियों के आने की संभावना हो । इस प्रयास से ही मानवता जीवित रह पाएगी तथा धरती मां सही अर्थों में वसुंधरा बन पाएगी।

1. अहंकार क्या है

अ सद्‌गुण

ब दुर्गुण

स पाप कर्म

द पुण्य कर्म

2 कौन अपने हितैषियों का भी अहित करने से नहीं चूकते ?

अ राक्षस

ब बालक

स मानव

द देवता

3.गद्यांश में पृथ्वी ने किसके समक्ष निवेदन किया है?

अ दानवों

ब देवताओं

स ईश्वर

द महात्मा

4.मनुष्य को किसके माध्यम से अपने भीतर झांकना चाहिए?

अ विश्वास

ब अहंकार

स स्वाध्याय

द परोपकार

5.मनुष्य अहंकार वश क्या करना चाहता है?

अ विश्वास

ब उन्नति

स पापकर्म

द बुराई

6. राक्षसी प्रवृत्ति के लोगों को हर्ष और कष्ट कब होता है?

अ दूसरों के दुख में

ब दूसरों की उन्नति

स दूसरों के उजड़ने और उन्नति में

द स्वयं की जीत में

7.ईश्वर पर विश्वास ना कर ,अपना निर्णय सर्वश्रेष्ठ मानकर दूसरों पर थोपने का कारण है -

अ नास्तिकता

ब अहंकार

स न्यायधीश होना

द ईश्वर होना

8.रामचरित मानस का लिखित कथन है राक्षस हितैसियों का ............ करते हैं

अ भला

ब क्षमा

स रक्षण

द अहित

9 पृथ्वी को किसका भार महसूस होता है?

अ पर्वतों और वृक्षों का

ब नाकारात्मक और दुष्प्रवृतियों का

स सभी जीवधारियों का

द भौतिक वस्तुओं का

10.धरती मां वसुंधरा कैसे बन जायेगी?

अ दुष्प्रवृतियों का द्वार बंद करके

ब मानवता को बचा कर

स दूध में मक्खी की तरह गिर कर

द दुष्प्रवृतियों का द्वार बंद कर ,मानवता जीवित रख कर

प्रश्न 10 निम्नलिखित पद्यांश को पढ़ कर पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनिए:-। 5*1=5

कुछ पानी के बह जाने से, सावन नहीं मरा करता है
माला बिखर गयी तो क्या है ,खुद ही हल हो गयी समस्या
आंसू गर नीलाम हुए तो ,समझो पूरी हुई तपस्या
रूठे दिवस मनाने वालों, फटी कमीज़ सिलाने वालों
कुछ दीपों के बुझ जाने से, आंगन नहीं मरा करता है
खोता कुछ भी नहीं यहां पर ,केवल जिल्द बदलती पोथी
जैसे रात उतार चांदनी ,पहने सुबह धूप की धोती
वस्त्र बदलकर आने वालों चाल बदलकर जाने वालों
चन्द खिलौनों के खोने से बचपन नहीं मरा करता है
लाखों बार गगरियाँ फूटीं ,शिकन न आई पनघट पर
लाखों बार किश्तियाँ डूबीं ,चहल-पहल वो ही है तट पर
तम की उमर बढ़ाने वालों ! लौ की आयु घटाने वालों
लाख करे पतझर कोशिश पर उपवन नहीं मरा करता है
लूट लिया माली ने उपवन ,लुटी न लेकिन गन्ध फूल की
तूफानों तक ने छेड़ा पर ,खिड़की बन्द न हुई धूल की
नफरत गले लगाने वालों सब पर धूल उड़ाने वालों
कुछ मुखड़ों की नाराज़ी से दर्पन नहीं मरा करता है।

1 उपरोक्त काव्यांश में " मारा नहीं करता " की आवृत्ति हुई है ।इसका क्या तात्पर्य है?
अ..सब सब जीवित हैं।
ब. दीर्घायु हैं।
स. अमर हैं।
द. जीवन चक्र गतिशील है।

2. किसकी तपस्या पूरी हो जाती हैं?
अ.जिन्होंने कठिन परिश्रम किया है।
ब. जिनके आंसू की बोली लगी।
स. जो साधना में दृढ़ संकल्प लिए हैं।
द.साधकों की

3. " जिल्द बदलती पोथी " से कवि का क्या तात्पर्य है?
अ. किताब में नया कवर लगाना
ब. किताब को नूतन रूप देना
स. परिस्थितियां बदलना
द. कपड़े बदलना

4."कुछ दीपों के बुझ जाने से, आंगन नहीं मरा करता है" पंक्ति में "दीपों के बुझ जाने से " क्या तात्पर्य है।
अ. दीपक बुझना
ब. अंधेरा होना
स. वंश खत्म होना
द. लाइट बंद होना

5. पद्यांश क्या संदेश देता है?
अ. आशा में निराशा
ब. अंधेरे में उजाला
स. नकारात्मता में सकारात्मक
द झूठ में सच

प्रश्न 11. निम्नलिखित पद्यांश को पढ़ कर पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनिए:-। 5*1=5

हो भूख ! मत मचल

प्यास, तड़प मत हे

हे नींद! मत सता

क्रोध, मचा मत उथल-पुथल

हे मोह! पाश अपने ढील

लोभ, मत ललचा

मद ! मत कर मदहोश

ईर्ष्या, जला मत

ओ चराचर ! मत चूक अवसर

आई हूँ संदेश लेकर चन्नमल्लिकार्जुन का

1.उपरोक्त कव्यांश की रचना किसके द्वारा किया गया है?

1. महादेवी वर्मा
2.मीरा बाई
3.कबीर
4. अक्क महादेवी

2." चन्नमल्लिकार्जुन से क्या तात्पर्य है?

1.अर्जुन
2.मल्लिका
3. शिव
4. विष्णु

3." पाश " से क्या तात्पर्य है?

1.रस्सी
2.पाषाण
3.बंधन
4. मायामोह का बंधन

4.उपरोक्त पद्यांश के मध्यम से कवयित्री क्या चाहती है?

1.व्रत करना
2. ईर्ष्या करना
3. अनशन करना
4. इंद्रियों में नियंत्रण करना

5. उपरोक्त कव्यांश में कवयित्री के कैसे भाव उजागर हो रहे है?

1.ईश्वर के प्रति समर्पण
2.ईश्वर के प्रति विरक्ति
3. सांसारिक माया मोह
4.वैराग्य का

12. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़ कर पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनिए:-। 5*1=5

दूसरे दिन माली ने चपरासी को बताया , चपरासी ने क्लर्क को बताया , क्लर्क ने हेड क्लर्क को बताया ।थोड़ी देर में सेक्रेटेरिएट में यह अफवाह फैल गई कि दबा हुआ आदमी शायर है। बस , फिर क्या था ।लोगों का झुंड का झुंड शायर को देखने के लिए उमड़ पड़ा । इसकी चर्चा शहर में फैल गई और शाम तक गली-गली से शायर जमा होना शुरू हो गए । सेक्रेटरी अटका लॉन भांति भांति के कवियों से भर गया । दवे हुए आदमी के चारों ओर कवि सम्मेलन का सा वातावरण उत्पन्न हो गया । सेक्रेटेरिएट कई क्लर्क और अंडर सेक्रेट्री तक जितने साहित्य कविता से लगाव था , रुक गए । कुछ शायर दबे हुए आदमी को अपनी कविताएं और दोहे सुनाने लगे । कई क्लर्क उसको अपनी कविता पर आलोचना करने को मजबूर करने लगे।

1. कैसे पता चलता है कि दबा हुआ आदमी एक शायर है क्योंकि उसने

अ. कविता पढ़ी
ब. दोहा पढ़ा
स. शायरी बोली
द. गाना गाया

2. आदमी किस के नीचे दबा था ?

अ. पुल के नीचे
ब. पेड़ के नीचे
स. जामुन के पेड़ के नीचे
द. गाड़ी के नीचे

3. कवि सम्मेलन का सा वातावरण कहां उत्पन्न हो गया?

अ. सभागार में
ब. लाल मैदान में
स. पुलिस ग्राउंड में
द. सेक्रेटेरिएट में

4. कवि सम्मेलन का श्रोता कौन था?

अ. दबा हुआ आदमी
ब. नेतागण
स. जनमानस
द. दर्शकदीर्घा

5. दबे हुए आदमी को किस बात के लिए मजबूर किया जाने लगा।

अ. कविता सुनाने को
ब. आलोचना करने
स. निर्णायक बनने
द. मंच संचालन हेतु

प्रश्न13.निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प चुनिए:-। 5*1=5

1. पटकथा से क्या तात्पर्य है।

1. पट और कथा 2. पट की कथा 3.परदे पर दिखने वाली कथा 4. पाठक की कथा

**2. जन संचार की प्रक्रिया में किसी सामग्री को संपादित करने के लिए द्वारपाल को ध्यान रखना पड़ता है …**

**1.सार्वजनिक हित 2. पत्रकारिता के सिद्धांत और मूल्य 3. आचार संहिता 4. उपरोक्त सभी**

**3.निश्चित मानदेय के आधार पर किसी समाचार पत्र के लिए काम करने वाले पत्रकार कहलाते हैं।**

**1.फ्रिलौंसर 2.पूर्णकालिक 3.अंशकालिक 4.संपादक**

**4.राष्ट्रीय और सामाजिक जीवन में अहम भूमिका के लिए पत्रकारिता का चौथा स्तंभ है।**

**1.न्याय पालिका 2. कार्यपालिका 3. विधायिका 4.लोकतंत्र**

**5. सरकार के काम काज पर नजर रखने वाली पत्रकारिता है…**

**1.वॉचडॉग पत्रकारिता 2.एडवोकेसी पत्रकारिता 3.खोजपरक पत्रकारिता 4.पीत पत्रकारिता<u>वितान</u>**

**प्रश्न 14. निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प चुनिए:-। 10*1=10**

**1.बेबी हालदार की शैक्षणिक योग्यता थी…**

**1. दसवीं 2. छठवीं - सातवीं 3.बारहवीं 4. पांचवी**

**2.तातुश ने बेबी हालदार का जीवन नष्ट होने से इस नाते बचाया क्योंकि वे एक**

**1.चाचा थे 2.शिक्षक थे 3.भाई थे 4.लेखक थे**

**3.कुई से पानी निकाला जाता है…..**

**1. बाल्टी से 2.बोर से 3. चड़स से 4.हैंडपंप से**

**4.कुई की चिनाई की जाती है….**

**1.जूट की रस्सी से 2.पटसन से 3. ख़ीप से 4.सीमेंट से**

**5. राजस्थान में पीने योग्य पानी होता है…**

**1.रेजाणी पानी 2.पालर पानी 3.पाताल पानी 4.सागर पानी**

**6.रेजाड़ी पानी एकत्र होती है….**

**1. पाताल में 2. पोखरों में 3. खीप में 4. खड़िया पत्थर की पट्टी में**

**7. शास्त्रीय संगीत का स्थायी भाव है।**

**1.गंभीरता 2. चपलता 3.सुलभता 4. लोचता**

**8. लता मंगेशकर ने प्रमुख रूप से किस संगीत की अपनाया ।**

**1.शास्त्रीय संगीत 2.लोक संगीत 3.चित्रपट संगीत 4.सुगम संगीत**

**9. कुई बनाने का काम करने वाले मजदूरों को कहा जाता है।**

**1.रेजा 2.चेजा. 3. चेजारो 4. कुली**

**10.सार्वजनिक क्षेत्रों में कुई से पानी निकलने का कार्य होता है।**

**1.गोधूली बेला में 2. प्रातः काल 3. भोर में 4. मध्यान काल**

**।। इति श्री।।**